उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 11.03.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## थाना समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गयी फरियादियों की समस्यायें, प्राप्त हुयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 11.03.2023 को जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर महोबा में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गयी इस दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया जिसके क्रम में उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े।

जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 11.03.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा नई पहल के तहत की गयी जनसुनवाई, जनसुनवाई के दौरान गूगल मीट के माध्यम से जुडे हुये थानों को पीडितों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में दिये आवश्यक निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा में नई पहल के तहत जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये जनसुनवाई की जा रही है, जिसके क्रम में नई पहल के तहत आज दिनांक 11.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गूगल मीट की गयी जिसमें जनपद के प्रत्येक थाने के दिवसाधिकारी रहे, इस दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उनसे उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया जिसके क्रम में फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा गूगल मीट के जरिये थानों के दिवसाधिकारियों को पीड़ित की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने/कराये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त हुयी जनशिकायतों के पर्यवेक्षण के लिये बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप जिसका पर्यवेक्षण स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जा रहा है, इस ग्रुप में प्रतिदिन आने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्रेषित किया जाता है जिसके निस्तारण की आख्या व्हाट्सएप ग्रुप में उसी दिन सायं तक जांचअधिकारी द्वारा प्रेषित की जाती है।



@mahobapolice    SP Mahoba @mahobapolice    7839857330

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में VVIP भ्रमण एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों को किया गया स्थलीय निरीक्षण, सम्बन्धित को सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने के दिये गये निर्देश।

मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी तथा केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी जी का दिनांक 13.03.2023 को जनपद भ्रमण एवं प्रस्तावित कार्यक्रम को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत आज दिनांक 11.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा कार्यक्रम स्थल के आप-पास भ्रमण कर कार्यक्रम के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था सम्बन्धी तैयारियों के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत महत्वपूर्ण प्वाइंट्स को चिन्हित किया गया एवं सम्बन्धित को चिन्हित किये गये स्थलों में व्यापक पुलिस प्रबन्ध हेतु निर्देशित गया, इसी क्रम में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ किये जाने हेतु मार्गों में रुट डायवर्जन किये जाने, बैरियर लगाने, कार्यक्रम के दौरान पार्किंग के लिये उच्चकोटि की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी यातायात/प्रभारी निरीक्षक यातायात को आवश्यक निर्देश दिये।









# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में वीवीआईपी भ्रमण/प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ की गयी गोष्ठी, दिये गये आवश्यक निर्देश।






जनपद महोबा में वीवीआईपी भ्रमण एवं प्रस्तावित दिनांक 13.03.2023 को कार्यक्रम के दौरान अचूक सुरक्षा व्यवस्था एवं सुदृढ़ यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में आज दिनांक 11.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा अपने कैम्प कार्यालय में जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं अन्य सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी ।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान अचूक एवं त्रुटि रहित सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारीगण कार्यक्रम स्थल के समीप भ्रमण कर यथास्थिति का भौतिक निरीक्षण करते हुये मा0 अति विशिष्ट अतिथिगण की सुरक्षा के मद्देनजर सभी प्वाइंटो में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटियां लगाते हुये अचूक सुरक्षा व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था को सुदृढ किये जाने हेतु महत्वपूर्ण स्थानों में ड्यूटियां लगाते हुये रुट डायवर्जन किये जाने, बैरियर लगाने, कार्यक्रम के दौरान पार्किंग के लिये उच्चकोटि की सुदृढ़ यातायात व्यवस्था किये जाने सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये गये।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 11.03.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन एवं मा0 केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार के जनपद आगमन एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान

## यातायात व्यवस्था/रुट डायवर्जन प्लान निम्नवत है..

- चित्रकूट, बाँदा की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हे कानपुर की तरफ जाना है । उन वाहनों को जनपद बाँदा के थाना मटौंध के पास से हमीरपुर की तरफ मोड दिया जायेगा, जो हमीरपुर होते हुए कानपुर की तरफ जा सकेगें । जिन वाहनो को छतरपुर अथवा झाँसी की तरफ जाना है उन्हे शहर महोबा के हमीरपुर चुंगी से बाईपास न0-01 से डायवर्जन करके परमानन्द तिराहा, झलकारी बाई तिराहा, राठ चुंगी होते हुए कुलपहाड की तरफ जाने दिया जायेगा । छतरपुर की तरफ जाने वाले वाहन राठ चुंगी से कुलपहाड रोड पर पवा चौराहा से डायवर्जन करके श्रीनगर होते हुए छतरपुर जा सकेगें ।
- चरखारी की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हे चित्रकूट, बाँदा की ओर जाना है । वो वाहन बाईपास न0-01 से हमीरपुर चुंगी होते हुए चित्रकूट व बाँदा जा सकेगे । जिन वाहनो को छतरपुर की तरफ जाना है वे वाहन झलकारी बाई तिराहा, राठ चुंगी होते हुए पवा चौराहा से श्रीनगर होते हुए छतरपुर की तरफ जा सकेगें ।
- कुलपहाड रोड झाँसी की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हे बाँदा चित्रकूट की तरफ जाना है वे बाईपास न0-01 से रामनगर तिराहे राठ चुंगी झलकारी बाई तिराहा व परमानन्द तिराहे से हमीरपुर चुंगी होते हुए गंतव्य स्थल जा सकेगे । जिन वाहनों को शहर महोबा जाना है वे वाहन बाईपास न0-01 का प्रयोग करके परमानन्द तिराहे तक जा सकेगे । जिन वाहनो को छतरपुर की तरफ जाना है । वे पवा चौराहा से श्रीनगर होते हुए छतरपुर की तरफ जा सकेगें ।
- छतरपुर की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हे महोबा शहर आना है वे श्रीनगर से डायवर्जन होकर पवा चौराहा होते हुए कुलपहाड रोड रामनगर तिराहा, राठ चुंगी ,झलकारी बाई तिराहे से परमानन्द तक जा सकेगे। जिन वाहनों को बाँदा चित्रकूट की तरफ जाना है वे वाहन भी इसी रास्ते से हमीरपुर चुंगी होते हुए आगे जा सकेगें । जिन वाहनो को झाँसी की तरफ जाना है उन्हे श्रीनगर से पवा चौराहा होते हुए कुलपहाड से झाँसी की तरफ जाना होगा । जिन वाहनो को छतरपुर की ओर से कानपुर की तरफ जाना है वे श्रीनगर से डायवर्जन होकर पवा चौराहा, चरखारी खरेला, मुस्करा, हमीरपुर होते हुए कानपुर की तरफ जा सकेगें ।
- कानपुर की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हे महोबा शहर आना है वे कबरई होते हुए हमीरपुर चुंगी से शहर महोबा मे प्रवेश करेगे । जिन्हे झाँसी की तरफ जाना है वे हमीरपुर चुंगी से बाईपास न0-01 से डायवर्जन होकर राठ चुंगी कुलपहाड रोड होते हुए झांसी की तरफ जा सकेगे । जिन्हे छतरपुर की तरफ जाना है वे हमीरपुर चुंगी से बाईपास न0-01 से डायवर्जन होकर राठ चुंगी कुलपहाड रोड पवा चौराहा श्रीनगर होकर जा सकेगें ।

**नोट**–**किसी मरीज अथवा बीमार व्यक्ति के आवागमन पर उक्त डायवर्जन व्यवस्था प्रभावी नही होगी ।**

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 11.03.2023**

**मीडिया सेल, महोबा**

## वीवीआईपी के जनपद आगमन एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु किया गया पैदल गस्त ।

आज दिनांक **11.03.2023** को श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस बल द्वारा मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन एवं मा0 केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार के जनपद आगमन एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद के संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी व अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील, स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर वाहनों के **82** ई-चालान किये गये ।






